ई-मेल द्वारा प्राप्त

डॉ0 नितिन रमेश गोकर्ण,
अपर मुख्य सचिव।

अर्ध.शा.प.सं.–1674/आठ–3–24–26 विविध/2017टी0सी0
आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3
लखनऊ: दिनांक: 15 जुलाई, 2024

प्रिय महोदय,

प्रायः यह देखने में आ रहा है कि उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद एवं विकास प्राधिकरणों के स्तर पर निवेश मित्र पोर्टल एवं ओ.बी.पी.ए.एस. पोर्टल पर प्राप्त होने वाले मानचित्रों के निस्तारण के सम्बन्ध में नियमित समीक्षा नहीं की जा रही है, फलतः इन पोर्टल पर निर्धारित अवधि के अन्तर्गत मानचित्रों का निस्तारण नहीं हो पाता है। हाल ही में इन्वेस्ट यू.पी. द्वारा अवगत कराया गया है कि विगत एक वर्ष में निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से स्वीकृत किये गये मानचित्रों में 44 प्रतिशत ऐसे मानचित्र है, जो कि निर्धारित अवधि के पश्चात् स्वीकृत किये गये है। यह भी उल्लेखनीय है कि संबंधित अभिकरणों द्वारा शासन द्वारा प्रेषित किये गये संदर्भों पर भी समयान्तर्गत आख्या उपलब्ध नहीं करायी जाती है, जिससे अनेक महत्वपूर्ण प्रकरण काफी समय तक लम्बित रहते हैं, जिससे शासन की छवि धूमिल होती है। यह स्थिति अत्यंत खेदजनक है।

2– उक्त के दृष्टिगत मुझसे यह कहने की अपेक्षा की गयी है कि कृपया प्रत्येक सप्ताह के सोमवार को निवेश मित्र एवं ओ.बी.पी.ए.एस. पोर्टल पर जमा किये गये मानचित्रों तथा शासन स्तर से प्राप्त संदर्भों की नियमित समीक्षा की जाये। इस सम्बन्ध में यदि प्राधिकरण के किसी अधिकारी/कर्मचारी के स्तर पर कोई मानचित्र अथवा संदर्भ अनावश्यक रूप से लम्बित पाया जाता है, तो उसका उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए उसके विरूद्ध की जाने वाली कार्यवाही के सम्बन्ध में आख्या शासन को तत्काल उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। उक्त के अतिरिक्त 'मानचित्र समाधान दिवस' का आयोजन पूर्ववत प्रत्येक सप्ताह बृहस्पतिवार को किया जाता रहेगा।

साभिवादन

भवदीय,

(डॉ0 नितिन रमेश गोकर्ण)

1. **डॉ0 बलकार सिंह,**
   आवास आयुक्त, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ।
2. **उपाध्यक्ष,**
   समस्त विकास प्राधिकरण, उ0प्र0। (नाम से)
3. **अध्यक्ष,**
   समस्त विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, उ0प्र0। (नाम से)